# सीएसए विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरु

## छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स से लेकर पारंपरिक खेलों में दिखाया उत्साह

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह से पूर्व आयोजित दीक्षोत्सव कार्यक्रमों के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स से लेकर पारंपरिक खेलों तक विभिन्न स्पर्धाएं कराई जा रही हैं। ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में दौड़ और लंबी कूद के अलावा कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेलों में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षोत्सव के दौरान भारतीय और क्षेत्रीय पारंपरिक खेलों को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना के प्रति प्रेरित करना है, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# दीक्षोत्सव के तहत सीएसए विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह से पूर्व आयोजित दीक्षोत्सव कार्यक्रमों के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ उनकी शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स के अंतर्गत दौड़, लंबी कूद सहित विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स आयोजित किए गए। इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेलों में भी छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षोत्सव के दौरान भारतीय एवं क्षेत्रीय पारंपरिक खेलों को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है।